राजस्थान सरकार
शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग

क्रमांकःप.18(02)शिक्षा–2/2018 जयुपर दिनांकः 28.09.18

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर।

विषयः जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के सम्बन्ध में।
संदर्भ आपका पत्र क्रमांकःशिविरा/माध्य/मा–ब/22803/2017–18 दिनांक 18.09.2018 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम मे निर्देशानुसार लेख है कि गतवर्षों में शिक्षक दिवस राज्य, जिला एवं ब्लाक स्तर पर आयोजित किया जाता रहा है किन्तु इस वर्ष शिक्षक दिवस वृहद स्तर पर आयोजित किये जाने के कारण उक्त समारोह का आयोजन केवल राज्य स्तर पर ही किया जाकर, जिला एवं ब्लाक स्तर पर 2 अक्टूबर. 2018 को गांधी जयन्ती के अवसर पर आयोजित किये जाने का निर्णय दिनांक 22.8.2018 को आयोजित मिटिंग लिया गया था।

अतः दिनांक 22.08.2018 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णयानुसार 2 अक्टूबर ,2018 को शिक्षक सम्मान समारोह जिला एवं ब्लाक स्तर पर पूर्व वर्षों की भांति आयोजित किये जाने एवं समारोह में बजट हेतु निम्नानुसार कार्रवाई कराने का श्रम करावेंः–

1. पूर्व वर्षों की भांति जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रत्येक जिले को 1 लाख रूपये की राशि राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल द्वारा आवंटित की जावेगी। इसके अतिरिक्त राशि होने पर उसकी व्यवस्था जनसहभागिता एवं विद्यालय विकास कोष निधि के माध्यम से की जावेगी।
2. पंचायत समिति पर कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रत्येक पंचायत समिति को 10 हजार रूपये की राशि राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल द्वारा आवंटित की जावेगी। इसके अतिरिक्त राशि का व्यय होने पर उसकी व्यवस्था जनसहभागिता एवं विद्यालय विकास कोष निधि के माध्यम से की जावेगी।

www.rajteachers.com

28.9.18

उक्त जिला स्तरीय सम्मान समारोह में उजियारी पंचायत के संबंध में भी निम्नानुसार कार्रवाई करवायी जावे:–

1 जिले में चयनित उजियारी पंचायत एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कार्मिकों को जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किये जाने।

2 चयनित उजियारी पंचायत के पीईईओ एवं सरपंच को सम्मिलित रूप से उजियारी पंचायत का प्रमाण–पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जाने।

3 उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कार्मिकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जाने।

4 समारोह हेतु जिलों को आवंटित राशि का उपभोग उजियारी पंचायतों के लिये भी किया जावेगा।

भवदीय,

28.9.18

(कमलेश आबुसरिया)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित हैः–

01. आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् एवं विशिष्ठ **शासन सचिव** जयपुर।
02. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
03. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, जयपुर।
04. सचिव, राजस्थान पाठ्य पुस्तक मण्डल, जयपुर।
05. रक्षित पत्रावली।

28.9.18

(रामेश्वर लाट)
अनुभागाधिकारी

www.rajteachers.com